भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

विषयः वर्ष 2014-15 हेतु भाविप्रा द्वारा अंतरिम लाभांश का भुगतान

नई दिल्ली, 21 सितंबर, 2015: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा) अपनी स्थापना से लगातार लाभ अर्जित करने वाला संगठन रहा है। वर्ष 2014-15 हेतु भाविप्रा ने रु 391.85 करोड़ के लाभांश की घोषणा की है।

भाविप्रा ने वर्ष 2014-15 हेतु रु 9285.00 करोड़ का राजस्व अर्जित किया (पिछले वर्ष रु 8170 करोड़) रु. 2791 करोड़ का कर-पूर्व लाभ (पिछले वर्ष रु 2520 करोड़) रु 1959 करोड़ का कर पश्चात लाभ (पिछले वर्ष रु 1441 करोड़)

भाविप्रा ने पिछले तीन वर्षों के दौरान अपने हवाई अड्डो पर हवाई अड्डा टर्मिनलो, यात्री सुविधाओ तथा हवाई यातायात तथा दिक्चालन सुविधाओ पर रु 4358 की राशी व्यय की तथा इस वर्ष रु. 1973 करोड़ व्यय करने की योजना है।

भाविप्रा ने पिछले पाँच वर्षों में (2009-10-2013-14) में रु 918.70 करोड़ के लाभांश का भुगतान किया तथा लाभांश के भुगतान के अलावा पिछले तीन वर्षो (2012-13 से 2014-15) के दौरान विभिन्न रुपों में केन्द्रीय खजाने में रु 4995 करोड़ का भी योगदान दिया।

आज (21 सितम्बर, 2015) को श्री आर.के. श्रीवास्तव, भा.प्र.से, अध्यक्ष, भाविप्रा द्वारा रु 294.00 करोड़ का अंतरिम लाभांश माननीय केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री पी. अशोक गजपति राजू और माननीय केन्द्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री श्री महेश शर्मा को सौंपा गया। इस अवसर पर सचिव, नागर विमानन मंत्रालय, भाविप्रा के बोर्ड सदस्य तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787, 9810025069,

सं. 45/2015-16

श्री आर.के. श्रीवास्तव, भा.प्र.से, अध्यक्ष, भाविप्रा वर्ष 2015-16 हेतु रु. 294.00 करोड़ का अंतरिम लाभांश का चैक श्री पी. अशोक गजपति राजू, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री, श्री महेश शर्मा, केन्द्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री को सौंपते हुए। इस अवसर पर श्री आर.एन. चौबे, सचिव (सीए), भाविप्रा बोर्ड सदस्य तथा भाविप्रा व नागर विमानन मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।